उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : जबलपुर

सूचना-पत्र

क्रमांक-B/1933-लेखा/2019 जबलपुर, 28 मार्च, 2019

निर्देशानुसार समस्त शासकीय सेवकों को सूचित किया जाता है कि शासन के आदेशानुसार सभी शासकीय सेवकों के मोबाइल नम्बर IFMIS System में अपडेट होना अनिवार्य है। इस संबंध में सभी शासकीय सेवकों से अनुरोध है कि अपने IFMIS Login से HRMISHOME में **Employee Self Service (ESS) > E-Profile > Change Employee Profile** का प्रयोग कर अपना मोबाइल नम्बर एवं Email ID की एन्ट्री चैक करें। जिनके पूर्व से प्रविष्ट मोबाइल नम्बर में त्रुटि है उसमें अपेक्षित सुधार करें एवं जिनके प्रोफाइल में मोबाइल नम्बर एवं ईमेल की प्रविष्टि नहीं है, उसमें तत्काल प्रविष्टि कर ऑनलाईन सबमिट करें।

रजिस्ट्री में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर 723 शासकीय सेवकों के मोबाइल नम्बर कोषालय के माध्यम से अपडेट कराने की कार्यवाही की जा रही है। शेष कर्मचारी उपरोक्तानुसार अपने मोबाईल नं./ईमेल की प्रविष्टि तत्काल करने की कार्यवाही करें। साथ ही, जिन कर्मचारियों को Online Submission में IFMIS Login/Password संबंधी कोई समस्या है, वे IT-Wing में श्री द्वारका प्रसाद नापित, हार्डवेयर टेक्नीशियन से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सुविधा हेतु लेखा शाखा में तथा प्रोटोकॉल अधिकारी के पास सूची उपलब्ध कराई गई है ताकि उसमें संबंधित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपने मोबाइल नम्बर/ईमेल की जाँच/प्रविष्टि कर सकें, जिसे बाद में DDO On-Behalf सुविधा के माध्यम से अपडेट कराया जावेगा।

(डॉ आर0के0 मिश्रा)
ओ0एस0डी0 (लेखा)

पृष्ठांकन क्रमांक B/1934/लेखा जबलपुर, दिनांक 28 मार्च, 2019

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के प्रमुख निजी सचिव की ओर सूचनार्थ।
2. रजिस्ट्रार (प्रशासन/पी0पी0एस0) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर।
3. संचालक, राज्य न्यायिक अकादमी, निवर्तमान मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक अधिकरण भवन, जबलपुर।
4. ज्वाइंट रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल), उच्च न्यायालय म0प्र0, जबलपुर।
5. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, निवर्तमान राज्य प्रशासनिक अधिकरण, जबलपुर।
6. लेखा अधिकारी, उच्च न्यायालय म0प्र0, जबलपुर।
7. श्री/श्रीमती/कु0/सुश्री--------------------------अनुभाग अधिकारी/ इंचार्ज, उच्च न्यायालय म0प्र0, जबलपुर।
8. प्रोटोकॉल अधिकारी, उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की ओर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सूची संलग्न करते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
9. सेवापुस्तिका प्रभारी (पेंशन शाखा), उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की ओर इस निर्देश के साथ कि प्रतिदिन Change Employee Profile की Worklist चैक कर अप्रूवल की अपेक्षित कार्यवाही करें।
10. श्री द्वारका प्रसाद नापित, हार्डवेयर टेक्नीशयन, उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की ओर शासकीय सेवकों के IFMIS Login/Password संधारण संबंधी आवश्यक सहायता हेतु।
11. प्रभारी सर्वर रूम, उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की ओर, उक्त सूचना पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(व्ही0एन0 बाजपेयी)
लेखा अधिकारी